2022/5

## फर्द अहकाम

**सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा बनाम सरकार जरिये तहसीलदार शाहपुरा**

**न्यायालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर)**

**केस संख्या ...2.../2022 प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट**

| | |
|---|---|
| 12/1/22 | प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है। ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा के द्वारा प्रशासन गावों के संग कैम्प मनोहरपुर में प्रार्थना पत्र पेश किया गया कि ग्राम गोनपुरा उर्फ डांग्यावाली तहसील शाहपुरा के आराजी खसरा नम्बर 133 में सैकडों वर्षो से गांव की मुख्य आबादी बसी हुई है यह तथा वर्तमान राजस्व रिकार्ड में गै0मु0नला दर्शाया हुआ है जो पुराने खसरा नम्बर 1826 से बना है तथा खसरा नम्बर 1826 गै0मु0आबादी में था । प्रार्थना पत्र के संलग्न ग्राम पंचायत के द्वारा दस्तावेजात व मौके के छायाचित्र आदि पेश किया गया । प्रकरण तहसीलदार शाहपुरा को जांच हेतु भेजा गया ।<br>तहसीलदार शाहपुरा ने अपने पत्र कमांक कैम्प/एलआर/21/ 140 दिनांक 20.10.2021 के द्वारा नायब तहसीलदार मनोहरपुर के द्वारा जांच रिपोर्ट प्रेषित की गई । नायब तहसीलदार मनोहरपुर ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर किया कि ग्राम गोनपुरा उर्फ डांग्यावाली खसरा नम्बर 133 रकबा 1.11 है0 का मौका देखा गया मौके पर उक्त खसरा नम्बर में गांव की मुख्य आबादी बसी हुई है। पक्के मकानात बने हुए है तथा पुरानी आबादी के निशानात् (अवशेष)बने हुए है। मौके पर वर्षो पुराना मंदिर होना तथा उपस्थित मौतबिरान ने अवगत कराया कि ग्राम की मुख्य आबादी बसी हुई थी जिसके खण्डहर हालात के अवशेष आज भी मौजूद है। तथा यह खसरा नम्बर पूर्व में आबादी ही था । नायब तहसीलदार मनोहरपुर ने अपनी रिर्पोर्ट में बताया कि आराजी खसरा नम्बर 133 रकबा 1.11 है0 किस्म गै0मु0नला जो सिवायचक दर्ज है, मिलान क्षेत्रफल में उक्त खसरा के साबिक नम्बर 1826 है जमाबन्दी सम्वत् 2008 से 2027 में खसरा नम्बर 1826/1 रकबा 4 बीघा 1 बिस्वा गै0मु0आबादी दर्ज है जो सिवायचक बिला लगानी दर्ज है। खसरा गिरदावरी मौजा बिशनगढ़ ठि0मनोहरपुर सन् अपठनीय है में खसरा नम्बर 1826 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा गै0मु0आबादी दर्ज है। नायब तहसीलदार मनोहरपुर द्वारा दिनांक 23.11.2021 को की गई जांच की पेश फर्द मौका में सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा सहित लगभग 40-50 मौतबिरान के हस्ताक्षर व मोबाईल नम्बर दर्ज है जिससे यह स्पष्ट है कि नायब तहसीलदार मनोहरपुर ने मौके पर जाकर जांच की है। तथा आराजी खसरा नम्बर 133 में मौके पर आबादी बसी हुई है।<br>नायब तहसीलदार मनोहरपुर की उक्त जांच से पूर्णतया सन्तुष्ट नहीं होने पर पुनः तहसीलदार शाहपुरा को इस कार्यालय के पत्र कमांक 292 दिनांक 20.10.21 के द्वारा प्रकरण में जांच कर अपनी स्पष्ट टिप्पणी सहित भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । तहसीलदार शाहपुरा ने अपने पत्र कमांक भूअ0/2022/ 38 दिनांक 7.1.2022 के द्वारा राजकीय पैरोकार नायब तहसीलदार शाहपुरा की जांच रिर्पोट प्रेषित की गई जिसमें नायब तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी रिपोर्ट जाहिर किया कि आराजी खसरा नम्बर 133 रकबा 1.11 है0 किस्म गै0मु0 नला जो सिवायचक दर्ज है मुताबिक मिलान क्षेत्रफल में खसरा नम्बर 133 को साबिक ख0नं0 1826 दर्ज है। जमाबन्दी सं0 2008 से 2027 में ,ख0नं0 1826/1 रकबा 4 बीघा 1बिस्वा किस्म गै0मु0 आबादी सिवायचक दर्ज होना बताया है तथा खसरा गिरदावरी सन् अपठित ग्राम बिशनगढ ठि0 मनोहरपुर में खसरा नम्बर 1826 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा आबादी दर्ज है। मौके पर उक्त खसरा नम्बर 133 में पक्के मकानात बने हुए होना व पुराने खण्ड़र मकान भी होना बताया जाकर गांव की मुख्य आबादी कई सालों से बसी हुई होना बताया |
| उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा जिला जयपुर | |

PTO

# फर्द अहकाम

**सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा बनाम सरकार जरिये तहसीलदार शाहपुरा**

**न्यायालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर)**

**केस संख्या ....2..../2020 प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट**

| | |
|---|---|
| 12/1/22 | जाकर अन्त में आराजी खसरा नम्बर 133 आबादी होना प्रतीत होना बताया है। तहसीलदार शाहपुरा की रिपोर्ट के साथ दिनांक 20.10.2021 को हल्का पटवारी द्वारा फर्द मौका रिपोर्ट में भी मौके पर सैकडो सालो से आबादी बसी हुई होना तथा पक्के व कच्चे मकानात बने हुए होना बताया है तथा एक प्राचीन मंदिर बना हुआ होना बताया है।<br><br>हमने प्रस्तुत दस्तावेजात व नायब तहसीलदार मनोहरपुर तथा राजकीय पैरोकार नायब तहसीलदार शाहपुरा की प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा ने प्रार्थना पत्र पेश किया कि आराजी खसरा नम्बर 133 में सैकडो वर्षो से गांव की मुख्य आबादी बसी है तथा इस खसरा नम्बर को सेटलमेन्ट विभाग के द्वारा गै0मु0नला दर्शाया गया है जो पुराने खसरा नम्बर 1826 मे गै0मु0आबादी में था । तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के बाद पेश दस्तावेजात के अवलोकन से पाया गया कि सर्वेशीट तरमीमी ग्राम बिशनगढ तहसील बैराठ सन् 1942–43 सम्वत 1999 तरमीमी सन् अंकित नहीं है में खसरा नम्बर 133 में आबादी के निशान दर्ज किये गये है। मिलान क्षेत्रफल के अवलोकन से भी पाया गया कि खसरा नम्बर 133 साबिक खसरा नम्बर 1826 से बिना हैं तथा जमाबन्दी संवत 2021 से 202... में आराजी खसरा नम्बर 1826/1 रकबा 4बीघा 1 बिस्वा गै0मु0 आबादी दर्ज है , जमाबन्दी सं0 2008 से 2027 में खसरा नम्बर 1826/2 रकबा 3 बिस्वा गै0मु0आबादी तथा खसरा नम्बर 1826/1 रकबा 4 बीघा 1 बिस्वा किस्म गै0मु0आबादी दर्ज है, तथा खसरा गिरदावरी सन् 1843 के संलग्न अन्य खसरा गिरदावरी में आराजी खसरा नम्बर 1826 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा गै0मु0 आबादी दर्ज है। ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा द्वारा पेश छाया चित्रों के अवलोकन से भी जाहिर होता है कि पुरानी आबादी खण्डर, मकानात आदि के चिन्ह पाये गये है।<br><br>इस प्रकार पेश दस्तावेजात तथा उप तहसीलदार मनोहरपुर तथा राजकीय पैरोकार नायब तहसीलदार शाहपुरा की रिपोर्ट से यह स्पष्ट होता है कि साबिक आराजी खसरा नम्बर 1826 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा था तथा जो रिकार्ड में भू प्रबन्ध कार्यवाही से पूर्व में आबादी दर्ज था लेकिन भू प्रबन्ध विभाग के द्वारा बिना किसी सक्षम आदेश के उसकी किस्म परिवर्तन कर गै0मु0 नला दर्ज कर दिया गया जबकि मौके पर आबादी बसी हुई होना साबित होता है। साबिक रिकार्ड से भी यह जाहिर होता है कि यह आबादी सैकडो वर्ष पुरानी थी लेकिन भू प्रबन्ध विभाग ने सहवन से गै0मु0नला दर्ज कर दिया गया । पत्रावली में पेश सर्वेशीट तरमीमी ग्राम बिशनगढ तहसील बैराठ सन् 1942–43 सम्वत 1999 तरमीमी सन् अंकित नहीं है में खसरा नम्बर 133 में आबादी के निशान दर्ज किये गये है। मिलान क्षेत्रफल के अवलोकन से भी पाया गया कि खसरा नम्बर 133 साबिक खसरा नम्बर 1826 से बिना हैं तथा जमाबन्दी संवत 2021 से 202... में आराजी खसरा नम्बर 1826/1 रकबा 4बीघा 1 बिस्वा गै0मु0 आबादी दर्ज है , जमाबन्दी सं0 2008 से 2027 में खसरा नम्बर 1826/2 रकबा 3 बिस्वा गै0मु0आबादी तथा खसरा नम्बर 1826/1 रकबा 4 बीघा 1 बिस्वा किस्म गै0मु0आबादी दर्ज है, तथा खसरा गिरदावरी सन् 1843 के संलग्न अन्य खसरा गिरदावरी में आराजी खसरा नम्बर 1826 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा गै0मु0 आबादी दर्ज है।इस प्रकार पेश दस्तावेजात व नायब तहसीलदार मनोहरपुर तथा राजकीय पैरोकार |

उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा जिला जयपुर

PTO

## फर्द अहकाम

**सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा बनाम सरकार जरिये तहसीलदार शाहपुरा**

**न्यायालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर )**

**केस संख्या ......2....... / 2020 प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट**

| | |
|---|---|
| 12/1/22 | द्वारा की गई जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट होता है कि हॉल आराजी खसरा नम्बर 133 रकबा 1.11 है0 जो साबिक खसरा नम्बर 1826 से बना है तथा साबिक खसरा नम्बर 1826 गै0मु0 आबादी में दर्ज होना स्पष्ट है । इस प्रकार प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजात एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर साबिक रिकार्ड के अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित समझते है। |
| | अतः प्रार्थी सरपंच ग्राम पंचायत शिवसिंहपुरा का प्रार्थना पत्र बाबत 136 एल आर एक्ट स्वीकार किया जाकर तहसीलदार शाहपुरा को आदेशित किया जाता है कि हाल आराजी खसरा नम्बर 133 रकबा 1.11 है0 किस्म गै0मु0नला वाके ग्राम गोनपुरा उर्फ डांग्यावाली तहसील शाहपुरा जिला जयपुर के राजस्व रिकार्ड में साबिक रिकार्ड के अनुसार किस्म गै0मु0आबादी दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार शाहपुरा को तहरीर जारी हों। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे । |
| | निर्णय आज दिनांक 12/1/22 को सुनाया गया । |
| | ( मनमोहन )<br>उप खण्ड अधिकारी<br>शाहपुरा जिला जयपुर<br>उपखण्ड अधिकारी<br>शाहपुरा जिला जयपुर |